

डॉ. आल्ला गोपाला कृष्ण गोखले

**Dr. Alla Gopala Krishna Gokhale**




पद्म श्री

**Padma Shri**



राष्ट्रपति से अलंकरण प्राप्त करते हुए

Receiving the decoration from the President

## डॉ. आल्ला गोपाला कृष्ण गोखले

डॉ. आल्ला गोपाला कृष्ण गोखले, वरिष्ठ परामर्शदाता तथा कार्डियो–थेरेसिक तथा प्रत्यारोपण सर्जन, अपोलो अस्पताल, हैदराबाद में एक विख्यात कार्डियो–थेरेसिक सर्जन हैं।

2. आपका जन्म 02 अक्तूबर 1959 को आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव– गंटावारिपेलम (तमिरासा के निकट) के एक किसान परिवार में हुआ था। आपने गुंटूर मेडिकल कालेज से एमबीबीएस एवं एमएस (जनरल सर्जरी), क्रिश्चियन मेडिकल कालेज, वेल्लूर से एमसीएच तथा डीएनबी नेशनल बोर्ड नई दिल्ली से कार्डियो–थैरिसिक–सर्जरी की डिग्री प्राप्त की। आप अपोलो अस्पताल, हैदराबाद से जुड़ने से पूर्व प्राइवेट एवं सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी अस्पतालों को अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं। आपने सिडनी, वाशिंगटन, न्यूयार्क, सेंट लुईस तथा हांग–कांग में कार्डियो–थैरिसिक सर्जरी तथा हृदय एवं फेफड़ा प्रत्यारोपण में एडवांस प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

3. आपने भारत में पहली बार हृदय एवं एकल फेफड़ा का प्रत्यारोपण करके, भारत में सबसे अधिक आयु के व्यक्ति का सफलतापूर्वक हृदय प्रत्यारोपण करके तथा हृदय एवं वृक्क (किडनी) के संयुक्त प्रत्यारोपण में भाग लेकर अपना नाम रोशन किया है। ओपन हार्ट सर्ज. री में अपने प्रचुर अनुभव तथा मिनीमल एक्सेस कार्डिएक सर्जरी में विशेषज्ञता के साथ आपने बड़ी संख्या में देश एवं विदेश के सर्जनों को प्रशिक्षित किया है। हार्ट फेलियर सोसाइटी ऑफ इंडिया के संस्थापक सचिव होने के नाते, आप हृदयाघात प्रबंधन चिकित्सकों को आधुनिकतम उन्नत प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

4. आपने सरकारी अस्पताल में गरीबों के लिए निशुल्क कार्डिएक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराकर आंध्र प्रदेश में एक अत्यंत क्रांतिकारी पहल की है। आपके द्वारा स्थापित सहृदय ट्रस्ट ने सरकारी जनरल अस्पताल, गुंटूर में आंध्र प्रदेश सरकार के साथ मिलकर ओपन हार्ट सर्जरी कार्यक्रम लांच किया। अपने सहृदय ट्रस्ट के माध्यम से आप आम जनता को हृदय रोगों से बचाव, पहचान और निदान के बारे में शिक्षित एवं जागरूक बनाते रहे हैं।

5. आपको विभिन्न पुरस्कार और सम्मान प्रदान किए गए हैं जिनमें भगवान धन्वंतरि–आचार्य सुश्रुत सदभावना पुरस्कार (2008), कमलाकर मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से कमलाकर सेवा रत्न पुरस्कार (2009), हेल्थ केअर इंटरनेशनल की ओर से बेस्ट डॉक्टर पुरस्कार (2011), लॉयन क्लब इंटरनेशनल संघ की ओर से लाईफ पुरस्कार (2011), भारतीय चिकित्सा संघ, उत्तरी हैदराबाद की ओर से लाईफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार (2012), चिकित्सा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से 'उगादी पुरस्कारम' (2015) तथा इनके अलावा व्यावसायिक एवं सामाजिक सेवा संगठन यथा कार्डियालिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया, रोटरी क्लब और जैसीज क्लब द्वारा प्रदान किए गए विभिन्न पुरस्कार भी शामिल हैं।

## Dr. Alla Gopala Krishna Gokhale

Dr. Alla Gopala Krishna Gokhale, Senior Consultant and Cardio-thoracic and transplant surgeon at Apollo Hospital, Hyderabad is an accomplished cardio-thoracic surgeon.

2. Born on 2nd October 1959 into a farmer's family of a non-descript village-Gantavaripalem (near Tamirisa) in Andhra Pradesh, Dr Gokhale obtained his MBBS and MS (General Surgery) from Guntur Medical College, M.Ch from Christian Medical College, Vellore, and D.N.B in Cardio-thoracic Surgery from the National Board, New Delhi. Dr Gokhale had served with leading hospitals in the private and public sectors before joining Apollo Hospital, Hyderabad. He underwent advanced training in cardio-thoracic surgery and heart and lung transplantation in Sydney, Washington, New York, St. Louis and Hong Kong.

3. Dr. Gokhale has carved out a niche for himself by successfully performing for the first time in India heart and single lung transplants, transplanting a heart in the oldest person ever to undergo in India so far and taking part in a combined heart and kidney transplant. With vast experience in open heart surgery and expertise in minimal access cardiac surgery, he has trained scores of surgeons both from India and abroad. As founder-Secretary of the Heart Failure Society of India, he has been training doctors in the latest advances in heart failure management.

4. Dr Gokhale ushered in a quiet revolution in Andhra Pradesh by facilitating free cardiac surgeries for the poor in a Government hospital. The Sahrudaya Trust founded by him launched the open heart surgery programme in collaboration with the Andhra Pradesh Government in the Government General Hospital, Guntur. Through his Sahrudaya Trust, he has been educating and enlightening the lay public on prevention, diagnosis and treatment of heart disease.

5. Dr. Gokhale has received many awards and honours including Bhagwan Dwanvantri-Acharya Sushrut Sadbhavana Purskar (2008), Kamlakar Seva Ratna Award from Kamalakar Memorial Charitable Trust (2009), Best Doctor Award from Health Care International(2011), Life award from the Association of Lions Clubs International (2010), Lifetime Achievement Award from Indian Medical Association, Hyderabad North (2012), 'Ugadi Puraskaram' from the Government of Andhra Pradesh for his contributions in the field of medicine (2015), apart from awards by professional and social service organizations like Cardiological Society of India, Rotary Clubs and Jaycees clubs.